जय माता की बोल प्यारे जय माता की बोल

जय माता की बोल प्यारे जय माता की बोल
नाम शेरावाली का बड़ा अनमोल

चढ़ जा चढ़ायी जाकर माँ को मना ले
कर दे तू जीवन को माँ के हवाले
अमृत की गगरी में विष को ना घोल
नाम शेरावाली का बड़ा अनमोल

भर देगी जगदम्बे तेरे भण्डारे
बिगड़ी माँ तक़दीर पल में संवारे
हे मौका मन की तू आँखों को खोल
नाम शेरावाली का बड़ा अनमोल

कर देगी तुझपे ये करुणा का साया
मुह माँगा फल माँ से दुनिया ने पाया
धर्म की तराजू में नेकी को तौल
नाम शेरावाली का बड़ा अनमोल

दीपक जला ले तू श्रद्धा लगन से
सब कुछ मिलेगा माँ की शरण में
हे सच्चा सौदा तू लेले मोल
नाम शेरावाली का बड़ा अनमोल

जय माता की बोल प्यारे जय माता की बोल
नाम शेरावाली का बड़ा अनमोल

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/13554/title/jai-mata-ki-bol-pyaare-jai-mata-ki-bol

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |